कार्यालय उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड

भवन संख्या 23, लेन नं0 03, शास्त्री नगर, हरिद्वार रोड़, देहरादून, 248001

Mail ID :*ukmssbdun@gmail.com*; Website : *www.ukmssb.org*, Phone: **0135 2665366**

विज्ञप्ति संख्याः 12/2024 दिनांक 25 जून, 2024

चिकित्सा शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड के अंतर्गत राजकीय मेडिकल कॉलेजों एवं स्टेट कैंसर इन्स्टीट्यूट, हल्द्वानी के अन्तर्गत नर्सिंग अधिकारी (महिला/पुरुष) डिप्लोमाधारक/डिग्रीधारक के रिक्त 1455 पदों के लिए अभिलेख सत्यापन सम्बन्धी आवश्यक सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है विज्ञापन संख्या उ0चि0से0च0बो0/परी0/18/2023–24/203, दिनांक 11 मार्च 2024 के माध्यम से चिकित्सा शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड के राजकीय मेडिकल कॉलेजों एवं स्टेट कैंसर इन्स्टीट्यूट, हल्द्वानी में समूह 'ग' के अंतर्गत नर्सिंग अधिकारी (महिला/पुरुष) डिप्लोमाधारक/डिग्रीधारक के कुल रिक्त 1455 पदों पर सीधी भर्ती के लिए जारी विज्ञप्ति के क्रम में अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पत्र के माध्यम से उपलब्ध कराये गए डाटा के अनुसार वर्षवार योग्यताक्रम में, जैसा कि अभ्यर्थी द्वारा डिग्री/डिप्लोमा में प्राप्त अंकों से प्रकट हो, के आधार पर श्रेणी–उपश्रेणीवार रिक्तियों की संख्या से लगभग डेढ़ गुना अभ्यर्थियों को अभिलेख सत्यापन हेतु **दिनांक 09 जुलाई, 2024 (मंगलवार) से दिनांक 16 अगस्त, 2024 (शुक्रवार) तक** प्रातः 10:00 बजे से कार्यालय उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड, भवन संख्या 23 लेन नं0 03, शास्त्री नगर, हरिद्वार रोड, देहरादून में आमंत्रित किया जाता है। नर्सिंग अधिकारी (महिला/पुरुष) के रिक्त 1455 पदों के लिए तिथिवार अभिलेख सत्यापन की तिथि निम्नानुसार हैः–

क्रमांक	पद का नाम	पदकोड	अभिलेख सत्यापन की तिथि
1	नर्सिंग अधिकारी (महिला) डिप्लोमाधारी	201	दिनांक 09 जुलाई 2024 (मंगलवार) से दिनांक 29 जुलाई 2024 (सोमवार) तक
2	नर्सिंग अधिकारी (महिला) डिग्रीधारी	202	दिनांक 30 जुलाई 2024 (मंगलवार) से दिनांक 07 अगस्त 2024 (बुधवार) तक
3	नर्सिंग अधिकारी (पुरुष) डिप्लोमाधारक	203	दिनांक 08 अगस्त 2024 (वृहस्पतिवार) से दिनांक 13 अगस्त 2024 (सोमवार) तक
4	नर्सिंग अधिकारी (पुरुष) डिग्रीधारक	204	दिनांक 14 अगस्त 2024 (बुधवार) से दिनांक 16 अगस्त 2024 (शुक्रवार) तक
द्वितीय शनिवार, रविवार तथा राजकीय अवकाशों को कार्यालय में अभिलेख सत्यापन आयोजित नहीं किए जाएंगे।			

अभ्यर्थियों हेतु अभिलेख सत्यापन सम्बन्धी विस्तृत दिशा–निर्देश एवं अनुक्रमांकवार अभिलेख सत्यापन समय–सारणी बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट **www.ukmssb.org** पर उपलब्ध है। जिन अभ्यर्थियों को बोर्ड द्वारा अभिलेख सत्यापन हेतु आमंत्रित किया गया है वे दिनांक 02 जुलाई 2024 (मंगलवार) से प्रवेश पत्र बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट से अपने पंजीकरण संख्या तथा पासवर्ड अंकित कर डाउनलोड कर सकते है।

अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि प्रवेश पत्र औपबन्धिक है तथा मात्र अभिलेख सत्यापन हेतु मान्य है। इसके आधार पर अभ्यर्थी चयन हेतु कोई भी दावा नही कर सकते है। अतः अभिलेख सत्यापन में सम्मिलित होने से पूर्व अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि वे विज्ञापन में दी गयी न्यूनतम शैक्षिक अर्हताएं, अन्य अनिवार्य अर्हताएं एवं आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्र, जो ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि (दिनांक 01 अप्रैल 2024) को वैध हों, धारित करते हो। अंतिम तिथि के उपरान्त निर्गत प्रमाण पत्र स्वीकार/मान्य नहीं होंगे। ऑनलाइन आवेदन पत्र में अंकित की गई प्रविष्टियों से भिन्न कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। यदि अभ्यर्थी द्वारा भरे गये आवेदन पत्र तथा मूल अभिलेख में डिप्लोमा/डिग्री के कुल प्राप्तांकों तथा उत्तीर्ण वर्ष में कोई भिन्नता परिलक्षित होती है तो अभ्यर्थियों के मूल अभिलेखों

यथा अंकपत्रों तथा डिप्लोमा/डिग्री प्रमाण पत्र के अनुसार उनके कुल प्राप्तांकों तथा उत्तीर्ण वर्ष में सत्यापन पटल के नामित अधिकारी के समक्ष अभ्यर्थी द्वारा ही संशोधित प्राप्तांक तथा उत्तीर्ण वर्ष अंकित किया जा सकता है और अभ्यर्थी द्वारा किये गये संशोधन को स्वप्रमाणित भी किया जायेगा। अभ्यर्थी द्वारा अनिवार्य शैक्षिक/वांछित प्रमाण पत्र उपलब्ध न कराये जाने तथा आवेदन पत्र से डाटा का सही मिलान न होने की स्थिति में अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा तथा इसकी पूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की स्वयं की होगी। **किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी के अनर्ह पाये जाने पर उसका अभ्यर्थन निरस्त करने का अधिकार बोर्ड को होगा।**

नोटः— मा0 उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड द्वारा विभिन्न रिट याचिकाओं में पारित अन्तरिम आदेशों के अनुपालन में सम्मिलित अभ्यर्थियों को पूर्व में उपलब्ध कराए गए लिंक पर ही प्रवेश पत्र उपलब्ध कराया जायेगा।

ह0/—
(प्रो0 विजय जुयाल)
परीक्षा नियंत्रक,
उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड,
देहरादून।